दिनांकः 05.01.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आगामी बजट के लिए 16 जनवरी से हितधारकों के साथ प्री–बजट चर्चा करेंगे–बजट के लिए अब तक 75 हजार सुझाव मिले।

- जयपुर जिले में रास्ता खोलो अभियान के तहत वर्षों से बंद पड़े चार सौ रास्ते समझाइश से खुलवाए गए।

- राज्य में तापमान में बढोतरी से कड़ाके की सर्दी से राहत–बीकानेर संभाग में आज कहीं–कहीं बारिश के आसार।

- मकर संक्रांति के उपलक्ष में होने वाली पतंगबाजी में सिंथेटिक और चाइनीज़ मांझों पर प्रतिबंध लगाया गया।

.........................................................................

राज्य सरकार वर्ष 2025–2026 बजट के लिए रूपरेखा तैयार कर रही है। विकसित राजस्थान के संकल्प को केन्द्र में रखकर इसके लिए विभिन्न वर्गों से सुझाव लिये जा रहे हैं। दस जनवरी तक ऑनलाइन सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 16 जनवरी से हितधारकों के साथ आगामी बजट के लिए प्री–बजट चर्चा करेंगे। इनमें कर्मचारी संघों, चिकित्सा क्षेत्र, जनजातीय क्षेत्र, उद्योग और सेवाकर सलाहकारों, व्यापार जगत के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया जाएगा। इसके अलवा युवा, खेल क्षेत्र तथा महिला प्रतिनिधियों और किसान पशुपालकों,डेयरी संगठनों, स्वयं सेवी संगठनों से भी सुझाव लिये जाएंगे। गौरतलब है कि वित्त विभाग की वेबसाइट पर दर्ज किये जा रहे ऑनलाइन सुझावों में अब तक 75 हजार सुझाव मिल चुके हैं।

.........................................................................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा के श्रीनाथपुरम में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सिंथेटिक ट्रेक और वॉकिंग ट्रेक बनाने के निर्देश दिये। इससे पहले श्री बिरला ने कल महिला सशक्तिकरण और शिक्षा पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि शिक्षित समाज ही सशक्त समाज होता है।

.........................................................................

जयपुर जिले में चल रहे रास्ता खालो अभियान के तहत बरसों से बंद पड़े चार सौ रास्ते खुलवाए गए हैं। जिला प्रशासन ने समझाइश और सहमति से महज़ पचास दिनों में गांवों और ढाणियों ये रास्ते खुलवाने में ये कामयाबी हासिल की है। अभियान की नोडल अधिकारी सुमन पंवार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह में 47 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाने की कार्यवाही भी जल्द करवाने के निर्देश दिये हैं।

.........................................................................

जम्मू–कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सेना का ट्रक खाई में गिरने से कल चार जवानों की मृत्यु हो गई। इनमें से एक जवान बहरोड़ के रिवाली गांव का है। 27 वर्षीय जवान नीतीश यादव की पार्थिव देह आज उनके पैतृक गांव पहुंचेगी।

..........................................................................
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए तैयारियां की जा रही हैं। इस बीच एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने कहा है कि विद्यार्थी परीक्षा के कारण ही तनाव में नहीं आते, उन पर परीक्षा के अलावा महत्वाकांक्षाओं और अपेक्षाओं का अधिक बोझ होता है।

..........................................................................
केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे परीक्षाओं का तनाव लेने के बजाए उसके लिए जूनून पैदा करें। उन्होंने नई दिल्ली में एक्जाम वारियर्स आर्ट फेस्टिवल में बच्चों के साथ बातचीत में कहा कि सिने अभिनेता और खिलाड़ी अपने काम के प्रति जूनून के कारण अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

..........................................................................
भांकरोटा गैस टैंकर अग्निकांड के मृतकों के आश्रितों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री सहायता कोष से कुल एक करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित कर दी गई है। प्रत्येक मृतकके आश्रित को पांच–पांच लाख रुपये दिये गये हैं। वहीं 24 घायलों को एक–एक लाख रुपये की राशि दी गई है। इसके अलावा भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से भी मृतक के आश्रितों को छह–छह लाख रुपये और घायलों को दो–दो लाख रुपये की मुआवजा राशि दी गई है।

..........................................................................
राज्य में तापमान में बढ़ोतरी से कड़ाके की सर्दी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार विभिन्न स्थानों पर तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढोतरी दर्ज की गई है। हालांकि बाड़मेर, भरतपुर, करौली और चूरू सहित कई स्थानों पर घने कोहरे का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से बीकानेर संभाग में आज कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार हैं।

देश के उत्तरी क्षेत्र में घने कोहरे के कारण कई ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। भारतीय रेलवे के अनुसार, दिल्ली आने वाली लगभग 40 ट्रेनें पांच घंटे तक की देरी से चल रही हैं। इसके साथ ही रेलवे ने यात्रियों को अपनी ट्रेन यात्रा के लिए स्टेशन पर पहुंचने से पहले ट्रेनों की ताजा स्थिति जान लेने की सलाह दी है।

..........................................................................
चिकित्सा शिक्षा विभाग में शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। इस बारे में विभाग की ओर से सर्कूलर जारी किया गया है। इसके अनुसार स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी रखने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

आवेदन की अंतिम तारीख सात जनवरी है। परिपत्र में स्पष्ट किया गया है कि पहले जिस किसी भी चिकित्सक शिक्षक ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर, ईमेल या अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन किया है, उन्हें भी राजकाज एप के माध्यम से आवेदन करना अनिवार्य होगा।

..........................................................................
मकर संक्रांति के उपलक्ष में होने वाली पतंगबाजी को देखते हुए आम लोगों और पक्षियों की सुविधा के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। पशुपालन, गोपालन और डेयरी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने इस बारे में जिला कलेक्टरों को पत्र लिखा है कि मकर संक्रांति पर्व पर पतंगबाजी के दौरान दोपहिया वाहन चालकों और पक्षियों को जान का खतरा होने की आशंका रहती है। सिंथेटिक और कांच की कोटिंग वाले मांझे से दुर्घटना की संभावना रहती है। ऐसे में इन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाना आवश्यक है। उन्होंने सभी जिला कलेक्टर्स को राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल–एनजीटी के आदेशों की अनुपालना में नायलॉन और चाइनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिये। इस तरह के मांझे के निर्माण, भंडारण और बिक्री तथा उपयोग पर भी रोक रहेगी। डॉ. शर्मा ने कहा है कि एनजीटी के प्रतिबंधों के बारे में विभिन्न प्रचार माध्यमों से आमजन के बीच में व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। उन्होंने सभी जिलों में मकर संक्रांति के अवसर पर पशु–पक्षी चिकित्सा शिविर लगाने तथा हेल्पलाइन नंबर जारी करने के भी निर्देश दिए हैं।

..........................................................................

जोधपुर में नौ जनवरी से आयोजित होने वाले पश्चिमी राजस्थान हस्तशिल्प उत्सव के लिए तैयारियां की जा रही हैं। दस दिन चलने वाले इस उत्सव का आयोजन लघु उद्योग भारती और जिला उद्योग केन्द्र की ओर से किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले में बीस राज्यों के हस्तशिल्पी हिस्सा लेंगे।

..........................................................................

अजमेर में चल रहे सूफी संत ख्वाजा मोईनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें उर्स में देश–दुनिया से ज़ायरीन के पहुंचने का सिलसिला जारी है। उर्स में भाग लेने के लिए पाकिस्तानी ज़ायरीन का जत्था कल अजमेर पहुंचेगा।

..........................................................................